# एक साल में मिलेंगे 13,500 हजार नए होमगार्ड, प्रक्रिया जारी

राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना: बिहार पुलिस में बंपर बहाली के साथ-साथ बड़ी संख्या में होमगार्ड (गृहरक्षक) को भी बहाल करने की प्रक्रिया जारी है। गृह विभाग के अनुसार, वर्ष 2026-27 में कुल 13 हजार 500 होमगार्ड के नामांकन की कार्रवाई की जाएगी।

वर्ष 2025 में 15 हजार गृहरक्षकों के नामांकन के विरुद्ध विज्ञापन निर्गत कर अभी तक 11 हजार 438 का नामांकन का काम पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा बिहार गृह रक्षा वाहिनी में अधिनायक लिपिक के 128 पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है, जबकि अधिनायक अनुदेशक के 244 पदों पर सीधी नियुक्ति के लिए बिहार पुलिस अवसर सेवा आयोग को अधियाचना भेजी जा चुकी है। विभागीय जानकारी के अनुसार, गृह रक्षा वाहिनी के भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र के लिए 33 जिलों में जमीन भी प्राप्त कर लिया गया है। शेष जिलों में भी जल्द भूमि प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

**11, 438** होमगार्ड वर्ष 2025 में रखे गए, 33 जिलों में प्रशिक्षण केंद्र के लिए मिली भूमि



**होमगार्ड को प्रशिक्षण देंगे सेना के ट्रेनर :** होमगार्ड के प्रशिक्षण के लिए सेना के सेवानिवृत्त अनुदेशकों (ट्रेनर) की सेवा ली जाएगी। इसके लिए 50 सेवानिवृत्त अनुदेशकों को मानदेय पर प्रतिनियुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। अभी राज्य के 34 जिलों में चुने गए 11 हजार 438 होमगार्ड को बुनियादी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# 13500 गृहरक्षकों की होगी भर्ती

- जल्द शुरू होगी नामांकन की प्रक्रिया
- जिला स्तर पर डीएम के नेतृत्व में होगा चयन
- शारीरिक जांच के बाद तैयार होगी मेधा सूची

**पटना, हिब्यू।** नये वित्तीय वर्ष में गृहरक्षक के 13,500 नये पदों पर भर्ती होगी। गृह विभाग ने इसकी मंजूरी दे दी है। इन पदों को लेकर जल्द ही ऑनलाइन आवेदन लिए जायेंगे। विभाग ने बीते साल भी 15 हजार गृहरक्षकों की भर्ती निकाली थी, जिसके मुकाबले 14438 अभ्यर्थियों का चयन किया गया था।

गृहरक्षकों का नामांकन जिला स्तरीय मेधा सूची के अनुसार जिलावार किया जायेगा। इसमें बिहार सरकार की आरक्षण नीति के तहत एससी, एसटी, पिछड़ा वर्ग (थर्ड जेंडर सहित), अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़े वर्ग की महिला व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (इडब्लूएस) को आरक्षण का लाभ मिलेगा। भर्ती में पिछले साल के नियम लागू रहेंगे। सभी वर्गों के पुरुष, महिला एवं थर्ड जेंडर अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम उम्र 19 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष निर्धारित की गयी है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होगी। अभ्यर्थी जिस जिला के स्थायी निवासी हैं, एकमात्र उसी जिला के लिए आवेदन भर सकते हैं। एक से अधिक जिला से आवेदन भरने पर वह रद्द कर दिए जायेंगे। आवेदन के समय ही शैक्षणिक, स्थायी व जाति प्रमाण की प्रति संलग्न करनी होगी। चयन की प्रक्रिया जिला स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय कमेटी करेगी। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिलास्तर पर शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी।कुल 15 अंकों की शारीरिक योग्यता/दक्षता परीक्षा होगी। इसमें प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम चयन होगा। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन व सत्यापन की प्रक्रिया होगी। उसके बाद सर्वप्रथम दौड़ होगा। दौड़ में सफल अभ्यर्थियों के ऊंचाई व सीने का माप लिया जाएगा।